	BURARI PUBLIC SCHOOL **A venture with U N I Q U E** **ASSIGNMENT -३ (२०२४-२५)** **कक्षा- सातवीं** **विषय- हिंदी**

समय:- १ घंटा **अंक– २०**

नाम...................................... अनुक्रमांक.................शिक्षक हस्ताक्षर................................

आवश्यक निर्देश :

- **सभी प्रश्नो को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

<u>खंड- (क)</u>

प्रश्न -1 नीचे दिये गए गद्यांश को पढ़ कर दिये गए प्रश्नों के उतर दीजिये। (5)

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(क) जंगल में किसका पेड़ था?
(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?
(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?
(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?
(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है|

प्रश्न 2. सही विकल्प पर (√) का निशान लगाये - (2)

(क) दुर्ग का फाटक खुलने पर क्या हुआ **?**
  1. शस्त्र -सज्जित सेना बाहर आई ( ) 2. पुरुष वेश में वीरांगना बाहर निकली ( )
  3. कलिंग के महाराज बाहर निकले ( )

(ख) शास्त्र की आज्ञा क्या है **?**
  1. निरपराध की हत्या करना ( ) 2. नारी पर अस्त्र न चलाना ( ) 3. विजय -लालसा पूरी करना ( )

(ग) जीवन का अंधकार कब समाप्त होगा **?**
  1. जब दीपक जलेगा ( ) 2. जब सुबह होगी ( ) 3. जब भाईचारा और प्रेम ( )

(घ) जगमग दीप जलाएँ कविता के कवि हैं ?

1. शिवराज भारतीय ( ) 2. रामधारी सिंह दिनकर ( ) 3. माखनलाल ( )

प्रश्न 3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दो - (4)

(क) दिये गए शब्दों को शुद्ध करके पुनः लिखिए -

(i) प्रतीज्ञा (ii) निहरतों

(ख) दिये गए शब्दों के लिंग बदलिए -

(i) विदुषी (ii) जनक

(ग) दिये गए शब्दो के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(i) पावन (ii) सवेरा

(घ) दिये गए शब्दों के विलोम शब्द बनाइये -

(i)स्नेह (ii) जीवन

प्रश्न 5. निमनलिखित प्रश्नों मे से दो के उत्तर दीजिए - (2)

(क) समाज में समानता लाने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए ?

(ख) अशोक ने युद्ध करने से इंकार क्यों किया ?

(ग) शुतुरमुर्ग के बारे में लेखक ने क्या जानकारी दी ?

खंड-(ख)

प्रश्न 6. **निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइये - (2)**

(क) सुगम ....

(ख) प्रसन्न ....

(ग) गिरना ....

(घ) थकना ....

प्रश्न 7. रेखांकित कारक चिहनो के भेद लिखिए - (2)

(क) पुस्तक मेज़ पर रखी है ....

(ख) राम का भाई लक्ष्मण है ....

(ग) गुरु जी ने राम को बुलाया ....

(घ) छत से बालक गिर गया ....

प्रश्न 8. 'खेलों का महत्त्व' पर अनुच्छेद लिखे - (3)